# Ch 4

प्रश्न 1. अगर आप किसी को चिट्ठी लिख रहे है, तो पता किस क्रम में लिखेंगे? नीचे दी गई जगह में लिखिए।

- (गली / मोहल्ले का नाम, घर का नंबर, राज्य का नाम, खंड का नाम, कस्ये/ शहर / गाँव का नाम, पिनकोड नंबर)
- घर का नंबर : 1201

  गली / मोहल्ले का नाम : गोळ गली

  गांव / कस्बे / शहर का नाम : पाटण

  खंड का नाम (जिला) : पाटण जिला

  राज्य का नाम: गुजरात

  पिनकोड नंबर : 384265

  आपने इस क्रम में ही क्यों लिखा? चर्चा कीजिए।

  विद्यार्थी - गुरुजी, ऊपर दी गई जानकारी आपने इसी क्रम में क्यों लिखी "पिनकोड' का अर्थ क्या है?

  शिक्षक - पता ऊपर दिए गए तरीके से लिखा होगा तो डाकविभाग को उसे सही पते पर पहुंचाने में आसानी होगी 'पिन' शब्द Postal Inde imber (PIN) का संक्षिप्त रूप है। यह नंबर अंकों में होता है। इसके हर अंक का एक खास स्थानीय अर्थ है। यह लिखने से पत्र राज्य और शहर के संबंधित डाकखाने तक सरलता से पहुँच जाता है।

प्रश्न 2. प्रारूप के आधार पर मित्र को 'जन्मदिन बधाई' के संदर्भ में पत्र लिखिए :

- 35, 'इन्द्रधनुष

  अंकुर सोसायटी,

  मणिनगर,

  अहमदाबाद 380 009

  30 अक्तूबर, 2012

  प्रिय सुधांशु,


  नमस्ते ।

- आज अचानक केलेंडर पर ध्यान गया तो याद आया कि 28 दिसंबर को तुम्हारी बारहवीं सालगिरह है। इस पत्र द्वारा मैं तुम्हें बधाई भेज रहा हूँ। मैं ईश्वर से प्रार्थना करता हूँ कि वह तुम्हें दीर्घायु, सुंदर स्वास्थ्य और सुयश प्रदान करे।
- यहाँ सब कुशल हैं। आशा है, आप सब भी कुशल होंगे। परिवार में बड़ों को प्रणाम। छोटी माधवी को बहुत-बहुत प्यार ।
  तुम्हारा मित्र,
  रत्नाकर ।

प्रश्न 3. अपने मित्र को चिट्ठी भेजना चाहते हो, तो ठीक से अपनी जगह पर पहुँचे, ऐसा पता लिखिए।

- विनोदभाई ए. शाह M.A.
  801, मेहता कॉर्ट,
  13, गिल्डर लेन,
  लेमिंग्टन रोड,
  मुंबई - 400 008

प्रश्न 4. चित्र देखिओर जानकारी प्राप्त करने के लिए प्रश्न पूछिए:



(1) लड़का कहाँ से सड़क पार कर रहा है?
( 2 ) लड़के को सड़क के बदले कहाँ चलना चाहिए?
( 3 ) लड़के और लड़की को कहाँ से सड़क पार करनी चाहिए?
( 4) सड़क पर वाहन क्यों रुके हुए हैं?
( 5 ) आदमी और औरत (पति और पत्नी) कहाँ घूम रहे हैं?

( 6) साइकिलवाला लड़का अपना दाहिना हाथ क्यों दिखा रहा है?

प्रश्न 5. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दीजिए :

( 1 ) पत्र कब और कहाँ से लिखा गया है?

- पत्र 4 अगस्त, 2011 को 195, उमियानगर सोसायटी, मुद्रा जिला - कच्छ) से लिखा गया है

(2 ) पत्र किसने किसको लिखा है?

- पत्र पूजन ने मित्र मनोज को लिखा है।

(3) पत्र किस विषय के बारे में लिखा गया है?

- पत्र पुस्तकों के महत्त्व के बारे में लिखा गया है।

प्रश्न 6. अपने घर कोई पुराना या नया पत्र ढूंढिए और उसे देखकर निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दीजिए :

(1) पत्र किसने लिखा है?

- यह पत्र रोहित पटेल ने लिखा है।

(2) पत्र क्यों लिखा गया है?

- पत्र स्वस्थ रहने के उपाय बताने के लिए लिखा गया है।

(3) पत्र कौन-से दिनांक को लिखा गया है?

- पत्र 13 अगस्त, 2008 को लिखा गया है।

प्रश्न 7. पत्र भेजने के लिए आम तौर पर पोस्टकार्ड, अंतर्देशीय पत्र या लिफाफा इस्तेमाल किया जाता है। डाकघर जाकर इनके मूल्य का पता कीजिए। यह भी पता कीजिए कि इनमें क्या अंतर होता है :

( 1 ) पोस्टकार्ड : पोस्टकार्ड खुला होता है। इसमें लिखने के लिए अधिक जगह नहीं होती। इसका मूल्य 50 पैसे है।

(2) अंतर्देशीय पत्र : इसे लिखने के बाद तीन ओर से मोडकर बंद किया जा सकता है। इसका उपयोग केवल अपने देश में ही हो सकता है। इसका मूल्य 2.50 पैसे हैं।

(3) लिफाफा : अलग कागज पर पत्र लिखकर और उसे मोडकर लिफाफे में रखा जाता है। इसमें पत्र सुरक्षित रहता है। लिफाफे पत्र के अलावा प्राय: बहने अपने दूर रहनेवाले भाइयों को राखी भेजती है। इसका मूल्य 5 रुपए हैं।

प्रश्न 8. अपने आसपास की किसी भी घटना का वर्णन करते हुए अपने मित्र को पत्र लिखिए : जैसे कि नदी में बाढ़ आना

29, किशोरकुंज,
गोमतीपुर,
अहमदाबाद - 380 021 19 दिसंबर, 2012
प्रिय मित्र कमलेश,
सप्रेम नमस्ते ।

तुम्हारा पत्र मिला। तुम्हारी बहन की बीमारी की बात जानकर दुःख हुआ। उसे खाने-पीने में सावधानी रखनी चाहिए। मुझे विश्वास है कि वह जल्दी ही अच्छी हो जाएगी।

कल रात हमारे मुहल्ले में शोर्ट-सर्किट के कारण एक मकान में आग लग गई। शुरू में किसी को कुछ पता न चला। घर के लोग सोए हुए थे। अचानक धुआँ उठने लगा और बदबू आने लगी तो लोग जाग गए कुछ ही देर में काफी लोग वहाँ जमा हो गए। मैं भी वहां पहुंच गया यह तो अच्छा हुआ कि फायर ब्रिगेड की गाड़ी जल्दी आ गई और कुछ ही देर में आग बुझ गई। मामूली नुकसान के सिवा कोई बड़ी हानि नहीं हुई। सचमुच, ऐसी घटनाएं बड़ी दुर्भाग्यपूर्ण होती हैं।

बाकी सब कुशल हैं। तुम्हारे माता-पिता को मेरा प्रणाम ।

तुम्हारा मित्र,
राजेश